प्रीलिम्स फैक्ट्स: 13 नवंबर, 2019

- [कृष्णापट्टनम पोर्ट]
- [स्वच्छ - निर्मल तट अभियान]
- [इंडिया पवेलियन]
- [भीमिली महोत्सव]

कृष्णापट्टनम पोर्ट

Krishnapatanam Port

हाल ही में अडानी समूह ने कृष्णापट्टनम पोर्ट (Krishnapatanam Port) के पूर्वी क्षेत्र के विस्तार के लिये अपनी रुचि प्रकट की है।

//

कृष्णापट्टनम पोर्ट के बारे में:

- कृष्णापट्टनम पोर्ट चेन्नई से लगभग 180 किमी. दूर आंध्र प्रदेश के नेल्लोर ज़िले में अवस्थिति है।
- यह आधुनिक सुविधाओं के साथ गहरे पानी वाला पोर्ट है।
- पिछले वर्ष इस पोर्ट से लगभग 54 मिलियन टन कार्गो का आयात-निर्यात किया गया था।
- इस पोर्ट का नामकरण विजयनगर साम्राज्य के सम्राट कृष्णदेवराय के नाम पर किया गया है।
- 1980 के दशक में, भारत सरकार ने इस पोर्ट को छोटे पोर्ट की श्रेणी में शामिल कर दिया था।
    - केंद्र सरकार बड़े पोर्ट के विकास के लिए ज़िम्मेदार है जबकि छोटे पोर्ट, संबंधित राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं।

स्वच्छ - निर्मल तट अभियान

Swachh – Nirmal Tat Abhiyaan

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (Ministry of Environment, Forest and Climate Change- MoEF&CC) द्वारा स्वच्छ- निर्मल तट अभियान (Swachh – Nirmal Tat Abhiyaan) 11 से 17 नवंबर, 2019 तक चलाया जा रहा है।

अभियान के बारे में:

- इस अभियान का उद्देश्य 50 समुद्र तटों को चिह्नित करके समुद्र तटों में तटीय पारिस्थितिकी प्रणालियों के महत्त्व के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करना है।
- चिह्नित तट, 10 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों – गुजरात, दमन एवं दीव, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के हैं।
- इन समुद्र तटों को संबंधित राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों के परामर्श से चिह्नित किया गया है।
- इस अभियान के क्रियान्वयन की ज़िम्मेदारी पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत कार्यरत पर्यावरण शिक्षा प्रखंड ((Environment Education Division) और एकीकृत तटीय प्रबंधन सोसायटी (Society of Integrated Coastal Management-SICOM) को सौंपी गई है।
- इसके अलावा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय अभियान की निगरानी करने के लिये ज़िम्मेदार है।
- अभियान की समाप्ति पर सर्वश्रेष्ठ तीन समुद्र तटों को उचित पुरस्कार दिया जाएगा।

इंडिया पैवेलियन

India Pavellion

हाल ही में भारत के केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और इस्पात मंत्रालय द्वारा अबू धाबी अंतर्राष्ट्रीय पेट्रोलियम प्रदर्शनी तथा सम्मेलन में ‘इंडिया पैवेलियन’ **(India Pavellion)** का उद्घाटन किया।

इंडिया पैवेलियन के बारे में:

- इंडिया पैवेलियन’ की स्थापना अपस्ट्रीम, मिडिस्ट्रीम, डाउनस्ट्रीम और इंजीनियरिंग अनुभागों की 9 भारतीय तेल एवं गैस कंपनियों द्वारा की गई है।
- इसके अलावा इसकी स्थापना में भारतीय पेट्रोलियम उद्योग संघ, हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय और भारतीय उद्योग परिसंघ का सहयोग लिया गया है।

उद्देश्य

- इसका उद्देश्य सरकार के परिशोधन, पाइपलाइनों और गैस टर्मिनलों में वर्ष 2024 तक 100 अरब डॉलर निवेश के लक्ष्य को प्राप्त करना है।
- इसके अलावा गैस आधारित बुनियादी ढाँचागत सुविधाओं जैसे कि शहरी गैस वितरण एवं पाइप्ड नेचुरल गैस नेटवर्क का विस्तार और गैस आधारित

उद्योगों में निविश करना इसका उद्देश्य है।

भीमिली उत्सव-2019

Bheemili Utsav 2019

हाल ही में आंध्रप्रदेश में विशाखापट्टनम ज़िले के भीमुनिपट्टनम में दो दिवसीय भीमिली उत्सव-2019 (Bheemili Utsav-2019) का आयोजन किया गया।

भीमिली उत्सव के बारे में:

- इस उत्सव का मुख्य आकर्षण बैलगाड़ी दौड़ है।
- उत्सव के दौरान लोक कलाकारों और मछुआरों द्वारा पारंपरिक नृत्य 'पुली वेशलु' (Puli Veshalu) का आयोजन किया गया।
- इसके अलावा उत्सव में कबड्डी, खो-खो, रंगोली, घुड़दौड़ आदि कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-13-november-2019